# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 27.11.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिंदुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, राष्ट्रीय सहारा, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 27.11.2024

### लालपुर में शुरू हुआ टर्फ बिछाने का काम

वाराणसी। लालपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में मंगलवार को हॉकी मैदान पर टर्फ से पहले बिटुमेन का काम शुरू कर दिया गया। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि पांच सेंटीमीटर की परत बिछाने के बाद इस पर टर्फ बिछाई जाएगी। वियतनाम से आयातित एस्ट्रोटर्फ की आयु सीमा सात वर्ष की है। हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि एस्ट्रोटर्फ से खिलाड़ियों को सहूलियत होगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने बताया कि अगले महीने से हॉकी खिलाड़ियों को एस्ट्रोटर्फ पर खेलने का मौका मिलेगा। संवाद

## अमर उजाला–दि0 27.11.2024

### अवैध निर्माण के खिलाफ की कार्रवाई

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुल्कित गर्ग के निर्देश पर वीडीए अफसरों ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। शिवपुर में लक्ष्मीचंद्र मां चंद्रिका नगर कॉलोनी, मौजा-सुद्धिपुर, वार्ड-शिवपुर में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए बिना निर्माण कराया जा रहा था। यहां सीलिंग की कार्रवाई की गई। इस मौके पर जोनल अधिकारी गौरव जय प्रकाश अवर अभियंता पूजा अग्रहरी समेत अन्य मौजूद रहे। संवाद

हिन्दुस्तान –दि0 27.11.2024

**निरीक्षण-निर्देश**



वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग (बाएं से दूसरे) ने मंगलवार शाम बड़ा लालपुर कॉलोनी का निरीक्षण किया, जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

# बिजली के तार समेत सभी दिक्कतें दूर होंगी

- वीडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण
- कॉलोनी के लोगों को दिया भरोसा

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि बड़ालालपुर वीडीए कॉलोनी के जागरण पार्क से बिजली के तारों को शिफ्ट कराया जाएगा। मंगलवार शाम निरीक्षण के समय इसके निर्देश दे दिए हैं। कॉलोनी की बुनियादी दिक्कतों का समाधान होगा। नाली निर्माण में मानक सुनिश्चित किया जाएगा। जहां तक एसटीपी का सवाल है, गोइठहां एसटीपी से सीवर कनेक्शन जोड़ने के बाद इसकी उपयोगिता नहीं थी। इसलिए इस स्थान का दूसरा उपयोग होना है। कॉलोनी में बारात घर, कम्युनिटी सेंटर समेत अन्य सार्वजनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। उनकी जमीन भी सुरक्षित है। हाल में हुई वीडीए बोर्ड की बैठक में इसकी मंजूरी मिल गई है। इस कॉलोनी में जरूरी सुविधाओं संबंधी कार्यों को पूरा करने के बारे में संबंधित विभाग से पूछताछ की जाएगी।

**दैनिक जागरण–दि0 27.11.2024**

## वीडीए ने सील किया अवैध निर्माण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन एक के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश ने बताया कि शिवपुर वार्ड के मां चंद्रिका नगर कालोनी में लक्ष्मीचंद तीन मंजिल के बाद चौथे मंजिल पर पिलर बनाने का काम चल रहा था। अवैध निर्माण बंद कराने के साथ उन्हें मानचित्र स्वीकृत कराने को कहा गया था लेकिन निर्माण जारी रहा। अवैध निर्माण सील करने के साथ शिवपुर पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

**दैनिक जागरण –दि0 27.11.2024**

## प्रगति देख गुणवत्ता सुनिश्चित कराने का निर्देश

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को डा. भीमराव आंबेडकर क्रीड़ा संकुल, लालपुर में निर्मित सिंथेटिक हाकी मैदान के पुनर्स्थापना के लिए स्वीकृत नई टर्फ का निरीक्षण किया। परियोजना की प्रगति देखने के साथ गुणवत्ता सुनिश्चित कराने और टर्फ के माध्यम से खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही। लालपुर आवासीय योजना में केसी ड्रेन और आरसीसी डीप ड्रेन का भी जायजा लिया। यह ड्रेनेज सिस्टम योजना क्षेत्र में जलनिकासी की समस्या को दूर करने के लिए विकसित किया जा रहा है।

उपाध्यक्ष ने लालपुर आवासीय योजना ब्लाक-सी में विकसित किए जा रहे पार्क का भी देखा। लालपुर कल्याण समिति के अनुरोध पर जागरण-पार्क का भी दौरा किया गया, जहां विद्युत विभाग की एलटी लाइन को शिफ्ट करने का निर्देश दिया। लालपुर आवासीय योजना फेज दो में दुकानों के



मैदान का निरीक्षण करते वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग● स्रोत- वीडीए

- आंबेडकर क्रीड़ा संकुल, लालपुर में निर्मित सिंथेटिक हाकी मैदान को देखा
- ड्रेनेज सिस्टम से दूर होगी जल निकासी की समस्या, नहीं होगी परेशानी

सामने बनी पार्किंग में लगाए गए इंटरलाकिंग कार्य का भी निरीक्षण किया। लालपुर पार्क को "एएम टू पीएम पार्क" नाम दिया गया है। पार्क में आमजन के लिए कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। इनमें बैडमिंटन कोर्ट, योग, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, एम्फीथिएटर, वाकवे और स्केटिंग प्रमुख हैं। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 27.11.2024

# 90 आवंटियों का पीएम आवास निरस्त, भेजा जा रहा नोटिस

जेपी पांडेय • जागरण

वाराणसी : प्रधानमंत्री शहरी आवासीय योजना में पंजीयन शुल्क जमा करने और वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से नोटिस भेजने के बाद भी तय राशि जमा नहीं करने पर जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने हरहुआ स्थित दासेपुर में 56 और कुरहुआ में 34 आवंटियों का आवंटन निरस्त कर दिया है। आवंटियों के नहीं आने के पीछे विकास प्राधिकरण का मानना है कि अपात्र रहते हुए उन्होंने आवेदन कर दिया होगा। जांच के डर से आवंटियों ने निर्धारित राशि जमा नहीं किया है। आवंटन निरस्त करने की नोटिस सभी को भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके बाद शेष पात्रों को फ्लैट आवंटित किया जाएगा।

- जिलाधिकारी ने दासेपुर में 56 और कुरहुआ में 34 आवंटियों का आवंटन पर की कार्रवाई
- जांच के डर से आवंटियों ने नहीं कराई रजिस्ट्री, प्रक्रिया पूरी कर शेष पात्रों को दिए जाएंगे आवास



"डूडा की ओर से आई सूची के आधार पर दोनों स्थानों पर फ्लैट आवंटन प्रक्रिया शुरू की गई थी लेकिन दोनों स्थानों से 90 आवंटी रजिस्ट्री कराने नहीं आए। उन्होंने कार्यालय में संपर्क करने की भी कोशिश नहीं की। निरस्तीकरण की कार्रवाई के बाद आवंटी को नोटिस भेजी जा रही है। - पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए।

गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने या जिनकी आर्थिक स्थित खराब है और वे अपना मकान नहीं बनवा पा रहे थे। ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री शहरी आवासीय योजना के तहत वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से फ्लैट देने की योजना बनाई गई थी। पात्र लाभार्थियों की सूची बनाने की जिम्मेदारी डूडा को सौंपी गई थी। इस दौरान आए आनलाइन आवेदन पत्रों की जांच डूडा से करने के साथ वाराणसी विकास प्राधिकरण को करीब दो हजार लाभार्थियों की सूची सौंपी थी। पहले चरण में हरहुआ स्थित दासेपुर में एसआरसत्री ग्रुप ने 608 आवास बनाए थे। यहां चयनित पात्रों का लाटरी के जरिए नाम निकाला गया था। उसी के साथ आवंटन प्रक्रिया शुरू कर दी गई लेकिन यहां 56 लाभार्थियों ने पंजीयन शुल्क के अलावा कोई राशि जमा नहीं की और न ही कोई संपर्क किया। पत्राचार करने के बाद भी नहीं आए। कुरहुआ में वीडीए ने खुद 250 फ्लैट बनाए, यहां भी चयनित लाभार्थियों को सूची के आधार पर आवंटन प्रक्रिया शुरू हुई लेकिन यहां 34 आवंटी नहीं आए। आवंटियों के नहीं आने और दूसरे पात्रों को फ्लैट आवंटित करने के लिए वीडीए ने रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को भेजा था। आवंटन निरस्त होने के साथ उन्हें नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 27.11.2024

# वीडीए उपाध्यक्ष पहुंचे सिंथेटिक हॉकी मैदान



निरीक्षण करते वीडीए वीसी पुलकित गर्ग.

varanasi@inext.co.in

VARANASI (26 Nov): वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने मंगलवार को लालपुर आवासीय योजना के अंतर्गत क्रीड़ा संकुल का निरीक्षण किया. डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल के सिन्थेटिक हॉकी मैदान विकास कार्यों की स्थिति देखी. उन्होंने लालपुर आवासीय योजना में केसी ड्रेन तथा आरसीसी डीप ड्रेन का भी जायजा लिया. यह ड्रेनेज सिस्टम योजना क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए विकसित किया जा रहा है. वहीं, लालपुर आवासीय योजना ब्लॉक-सी में विकसित किए जा रहे पार्क का भी निरीक्षण किया. इसके साथ ही लालपुर कल्याण समिति के अनुरोध पर जागरण पार्क का भी दौरा किया गया, जहां विद्युत विभाग की एलटी लाइन को शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए. लालपुर आवासीय योजना फेस 2 में दुकानों के सामने बनी पार्किंग में लगाए गए इन्टरलॉकिंग कार्य का भी निरीक्षण किया. लालपुर पार्क को एएम टू पीएम पार्क नाम दिया गया है. इस पार्क में बैडमिंटन कोर्ट, योग क्षेत्र, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, एम्फीथिएटर, वॉकवे और स्केटिंग क्षेत्र प्रमुख हैं. निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा मौजूद थे.

न्यायाधीश–दि0 27.11.2024

## वाविप्रा जोन-1 प्रवर्तन टीम ने सील किया अवैध निर्माण



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत 26.नवम्बर को वार्ड- शिवपुर के अन्तर्गत लक्ष्मीचन्द्र द्वारा माँ चन्द्रिका नगर कॉलोनी, मौजा - सुद्धिपुर, वार्ड-शिवपुर, जिला- वाराणसी में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये बिना लगभग ऊ3 पर निर्माण कर पीलर खड़े करते हुए सरियों एवं सटरिंग का कार्य किये जाने पर 30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा-27, 28 (ग) व 28 (ग) के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, निर्माणकर्ता द्वारा वर्तमान में लगभग ऊ3 में निर्माण कर बेसमेंट पर पीलर खड़े करने पर उक्त अनाधिकृत निर्माण को सील कर थाना -शिवपुर की सतत निगरानी हेतु सौंप दिया गया इस मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश अवर अभियंता पूजा अग्रहरी, मौजूद रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

न्यायाधीश–दि0 27.11.2024

## उपाध्यक्ष वाविप्रा पुलकित गर्ग द्वारा किया गया लालपुर आवासीय योजना के अंतर्गत क्रीड़ा संकुल का स्थलीय निरीक्षण



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल, लालपुर में निर्मित सिन्थेटिक हॉकी मैदान के पुनर्स्थापना के लिए स्वीकृत नई टर्फ का निरीक्षण किया गया। परियोजना की प्रगति एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा टर्फ के माध्यम से खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया तथा लालपुर आवासीय योजना में केसी ड्रेन तथा आरसीसी डीप ड्रेन का भी जायजा लिया। यह ड्रेनेज सिस्टम योजना क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए विकसित किया जा रहा है। वहीं, लालपुर आवासीय योजना ब्लाक-सी में एलटी लाइन को शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए। लालपुर आवासीय योजना फेस 2 में दुकानों के सामने बनी पार्किंग में लगाए गए इनरलॉकिंग कार्य का भी निरीक्षण किया गया। लालपुर पार्क को 'एएम टू पीएम पार्क' नाम दिया गया है। इस पार्क में नागरिकों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई है। इनमें बैडमिंटन कोर्ट, योग क्षेत्र, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, एम्फीथिएटर, वॉकवे और स्केटिंग क्षेत्र प्रमुख है। जिससे स्थानीय निवासियों को स्वस्थ और मनोरंजक वातावरण मिलेगा। वर्तमान में चल रहे कायी को जल्द ही पूर्ण करते हुये लोकार्पण का कार्य कराया जायेगा ।निरिक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्मा, सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्रा इत्यादि लोग उपस्थित रहे ।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 27.11.2024

## वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने क्रीड़ा संकुल का किया स्थलीय निरीक्षण

वाराणसी। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल, लालपुर में निर्मित सिन्थेटिक हॉकी मैदान के पुनर्स्थापना के लिए स्वीकृत नई टर्फ का निरीक्षण किया गया। परियोजना की प्रगति एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा टर्फ के माध्यम से खेल गतिविधियों को बढावा देने के दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया तथा लालपुर आवासीय योजना में केसी ड्रेन तथा आरसीसी डीप ड्रेन का भी जायजा लिया। यह ड्रेनेज सिस्टम योजना क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए विकसित किया जा रहा है। वहीं, लालपुर आवासीय योजना ब्लाक-सी में विकसित किए जा रहे पार्क का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही लालपुर कल्याण समिति के अनुरोध पर जागरण पार्क का भी दौरा किया गया, जहां विद्युत विभाग की एलटी लाइन को शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए। लालपुर आवासीय योजना फेस 2 में दुकानों के सामने बनी पार्किंग में लगाए गए इनरलॉकिंग कार्य का भी निरीक्षण किया गया। लालपुर पार्क को एएम टू पीएम पार्क नाम दिया गया है। इस पार्क में नागरिकों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। इनमें बैडमिंटन कोर्ट, योग क्षेत्र, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, एम्फीथिएटर, वॉकवे और स्केटिंग क्षेत्र प्रमुख हैं। जिससे स्थानीय निवासियों को स्वस्थ और मनोरंजक वातावरण मिलेगा। वर्तमान में चल रहे कार्यों को जल्द ही पूर्ण करते हुये लोकार्पण का कार्य कराया जायेगा।

निरिक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्मा, सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्रा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा –दि0 27.11.2024

## वीडीए उपाध्यक्ष ने किया क्रीड़ा संकुल का निरीक्षण

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल, लालपुर में निर्मित सिन्थेटिक हॉकी मैदान के पुर्नस्थापना के लिए स्वीकृत नई टर्फ का निरीक्षण किया गया। लालपुर आवासीय योजना में केसी ड्रेन तथा आरसीसी डीप ड्रेन का भी जायजा लिया। यह ड्रेनेज सिस्टम योजना क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए विकसित किया जा रहा है। वही, लालपुर आवासीय योजना ब्लाक-सी में विकसित किए जा रहे पार्क का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही लालपुर कल्याण समिति के अनुरोध पर जागरण पार्क का भी दौरा किया गया, जहां विद्युत विभाग की एलटी लाइन को शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए। लालपुर आवासीय योजना फेस 2 में दुकानों के सामने बनी पार्किंग में लगाए गए इनरलॉकिंग कार्य का भी निरीक्षण किया गया। लालपुर पार्क को "एएम टू पीएम पार्क" नाम दिया गया है। इस पार्क में बैडमिंटन कोर्ट, योग क्षेत्र, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, एम्फीथिएटर, वॉकवे और स्केटिंग की सुविधाएं विकसित की गई है। निरिक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्मा, सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्रा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।